# DULF

DELHI UNIVERSITY LITERATURE FESTIVAL

| Nation First: Unity in Diversity |

NEWSLETTER | VOLUME 1 | ISSUE 3 | FEBRUARY 13, 2026 | FESTIVAL DATES: 12-14 FEB


# विचारों के महोत्सव का आरंभ: ‘राष्ट्र प्रथम—एकत्व में अनेकता’ थीम के साथ DULF 1.0 का भव्य उद्घाटन


**अभिषेक कुमार**
**दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज़्म**


शब्दों, विचारों और सांस्कृतिक विविधता की जीवंत उपस्थिति के बीच दिल्ली विश्वविद्यालय में दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्यिक फेस्टिवल (DULF 1.0) का भव्य उद्घाटन बुधवार को संपन्न हुआ। ‘राष्ट्र प्रथम: एकत्व में अनेकता’ की थीम पर आधारित इस तीन दिवसीय महोत्सव ने विश्वविद्यालय परिसर को साहित्यिक चेतना, वैचारिक विमर्श और सांस्कृतिक संवाद के केंद्र में परिवर्तित कर दिया।

उद्घाटन समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह, डीयू सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर, दक्षिण परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव विकास गुप्ता तथा डीन, सांस्कृतिक परिषद प्रो. रविंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसने साहित्य और संस्कृति के इस महोत्सव को औपचारिक रूप से प्रारंभ किया।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सबसे पहले डीयू सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के 104 वर्षों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रकार का व्यापक साहित्यिक महोत्सव आयोजित किया गया है। उन्होंने इस पहल का श्रेय विश्वविद्यालय प्रशासन और विशेष रूप से कुलपति प्रो. योगेश सिंह को देते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना यह आयोजन संभव नहीं हो पाता।

अनूप लाठर ने कहा कि यद्यपि DULF 1.0 अपनी पहली प्रस्तुति है, लेकिन विश्वविद्यालय का लक्ष्य इसे आने वाले तीन वर्षों में राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। उन्होंने बताया कि इस तीन दिवसीय उत्सव में कविताएं, लेखकों के संवाद, साहित्यिक चर्चाएं, नाट्य प्रस्तुतियां और भजन जैसे विविध कार्यक्रम शामिल किए गए हैं, जो भारतीय साहित्य और सांस्कृतिक परंपरा की समृद्ध विविधता को प्रतिबिंबित करते हैं।

उन्होंने जानकारी दी कि महोत्सव के अंतिम दिन संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से ‘डांस’ कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जाएगा, जो इस साहित्यिक उत्सव को और अधिक भव्यता प्रदान करेगा। इसके बाद कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अपने संबोधन में DULF 1.0 को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि “यदि भारत को समझना है, तो दिल्ली विश्वविद्यालय को समझिए।” उन्होंने ‘राष्ट्र प्रथम: एकत्व में अनेकता’ की थीम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह आयोजन भले ही पहली बार हो रहा हो, लेकिन इसकी शुरुआत अत्यंत सशक्त और प्रभावशाली है।

कुलपति ने कहा कि साहित्य इंसान को इंसान बनाता है और अच्छे विचारों के निर्माण के लिए पुस्तकों का पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं होता, बल्कि वह लोकतंत्र को सुदृढ़ करने का कार्य भी करता है। साहित्य व्यक्ति को संवेदनशील बनाता है और समाज को सोचने-समझने की दिशा देता है। अपने संबोधन में उन्होंने चिंता व्यक्त की कि वर्तमान समय में देश में पुस्तक-पठन की संस्कृति धीरे-धीरे कम होती जा



Innaugural Session of DULF

रही है। कई पुस्तकालय और बुक स्टोर्स के बंद होने का उल्लेख करते हुए उन्होंने इसे चिंताजनक प्रवृत्ति बताया। इसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस साहित्यिक महोत्सव की शुरुआत की है, ताकि पढ़ने, सोचने और संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित किया जा सके।

कुलपति ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज की वैचारिक क्षमता को विकसित करते हैं। उन्होंने क्रांतिकारी भगत सिंह का उल्लेख करते हुए कहा कि मात्र 23 वर्ष की आयु में उन्होंने गहन अध्ययन और लेखन के माध्यम से अद्भुत वैचारिक परिपक्वता का परिचय दिया। भगत सिंह की जेल डायरी आज भी युवाओं को सोचने और प्रश्न करने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे कम से कम पाँच पुस्तकों का चयन करें और वर्ष 2026 तक उन्हें पढ़ने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि वही पुस्तक पढ़नी चाहिए जो मन को स्पर्श करे, व्यक्तित्व को गढ़े और व्यवहार को परिष्कृत करे, क्योंकि व्यवहार ही वह माध्यम है जिससे व्यक्ति दूसरों के हृदय तक पहुँचता है। अपने भाषण के दौरान कुलपति ने मशहूर शायर वसीम बरेलवी का शेर—“कौन-सी बात कहाँ, कैसे कही जाती है, ये सलीक़ा हो तो हर बात सुनी जाती है”—उद्धृत करते हुए कहा कि सही संदर्भ, समय और लहजे के साथ कही गई बात ही प्रभावशाली होती है।

अपने संबोधन के अंत में उन्होंने जानकारी दी कि इस महोत्सव में अभिनेता पंकज त्रिपाठी और फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री जैसे प्रख्यात व्यक्तित्व भी भाग लेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि DULF 1.0 दिल्ली विश्वविद्यालय में साहित्यिक चेतना की एक नई और सशक्त परंपरा स्थापित करेगा तथा छात्रों को विचार, संवेदना और अभिव्यक्ति की नई दिशा प्रदान करेगा।

# ‘Tol Mol Ke Bol’: Smita Prakash on reading, AI and the need for discernment at DU Lit Fest


*Ishita Arora*
*Delhi School of Journalism*


Senior journalist and ANI Editor Smita Prakash underlined the need for discernment in reading, speaking and consuming digital content, as she addressed students on the opening day of the three-day Delhi University Literature Festival (DULF). Speaking at a session titled “Tol Mol Ke Bol,” Prakash reflected on reading habits, journalism, technology and the growing influence of artificial intelligence, urging young audiences to value discernment as much as access.

Moderated by Professor Anil Rai, the session unfolded as a wide-ranging conversation that blended personal experience with larger social and democratic concerns. Prakash began by tracing her own relationship with reading, recalling a childhood shaped by books rather than screens. Growing up in an environment with minimal distractions such as television or social media, she said, allowed her to develop a sustained and intimate connection with reading from an early age. Libraries, she noted, were central to this journey, while books accompanied her not only in formal study but also during travel and leisure, becoming a constant presence rather than an academic obligation. She stressed that engagement with literature is rooted in curiosity, a fundamental human impulse that drives learning, questioning and reflection. Observing that curiosity today often expresses itself through fashion, entertainment, popular culture and celebrity lives, she cautioned against viewing this shift through a purely negative lens. Instead, she framed it as a reflection of evolving social priorities and cultural contexts.

She further pointed out that it is not only what people read, but how they read, that reveals deeper truths about society. In an era marked by relentless information flow, Prakash emphasised the importance of conscious selection. Choosing what to watch, where to learn from and what to internalise has become a critical skill, she argued, particularly in digital spaces where content is abundant but not necessarily meaningful.

Describing the present moment as one defined by accelerated change, Prakash said artificial intelligence is increasingly becoming integral to both journalism and creative fields. She underlined that adapting to such technologies is no longer



Prof. Anil Rai with Smita Prakash

optional. Those who refuse to engage with AI and digital tools, she warned, risk professional irrelevance. Addressing concerns around smartphones, social media platforms and emerging digital technologies, Prakash said fear and avoidance were unproductive responses. These tools, she argued, must be understood rather than rejected.

She praised Delhi University for representing unity in diversity, describing the institution as a reflection of India’s pluralistic social fabric. With students from varied regions, languages, and backgrounds, the university, she noted, embodies coexistence and dialogue in everyday practice. This diversity, she suggested, strengthens the intellectual environment by exposing students to multiple perspectives. Within this context, she expressed reservations about the growing prevalence of cancel culture in academic and public spaces. Dissent, particularly within universities, she said, must be approached with sensitivity, openness and a willingness to listen.

As the discussion drew to a close, it reinforced the festival’s central theme by underscoring that unity in diversity is not merely a slogan, but a practice sustained through thoughtful speech, attentive listening and informed participation, principles at the heart of “Tol Mol Ke Bol.”

# Editorial: When the first voice rises

*Dr Sanjay Verma*
*Convener, Printing and Publishing Committee & OSD, Delhi School of Journalism*

Every festival has a beginning. But not every beginning carries the quiet electricity of collective anticipation. The opening day of the Delhi University Literature Festival was one such moment.

There was a stillness before the inaugural lamp was lit - not of silence, but of expectancy. Faculty members, students, writers, guests, volunteers - all gathered around not merely to witness a ceremony, but to become a part of something that felt larger than a scheduled programme. In that shared pause, one could sense that the campus itself was preparing to listen.

Universities are often described as spaces of instruction. Yet, on this day, the University revealed itself as something more - a meeting ground of voices. The inaugural address did not simply declare the festival open; it affirmed the belief that literature remains one of the most powerful mediums through which societies examine themselves. It reminded us that words are not ornamental. They are formative.

The first sessions that followed, carried this spirit forward. Ideas were introduced with conviction, questions were raised with curiosity, and conversations unfolded without haste. What was most striking was not the applause, but the attentiveness. Halls were not merely filled; they were engaged. Students leaned forward, not out of obligation, but out of interest. A literature festival is not measured only by the eminence of its speakers. It is measured by the quality of listening it inspires. On the very first day, it became evident that this campus was ready to participate - not as passive spectators, but as thoughtful contributors to a dialogue.

Beyond the formal stage, the festival began to breathe in the university's quieter corners. In the book stalls where readers paused over titles. In corridors where discussions continued beyond session timings. In the steady, tireless work of student volunteers, ensuring that the event moved seamlessly. These gestures, though less visible, shape the character of a festival.

The Delhi University Literature Festival has stepped into its journey with assurance. The vision articulated at the inauguration now finds resonance in conversation. And as we move into the coming days, what lies ahead is not merely a series of sessions, but the unfolding of a shared intellectual experience.

**DULF Newsletter Editorial Board**

**Chief Editor**
**Dr Sanjay Verma**
**Convener, Printing and Publishing Committee**
**and**
**OSD, Delhi School of Journalism**

**Editorial Board Members**
*Dr Satya Prakash Singh*
*Dr Vikas Singh*
*Dr Abdullah Khan*
*Dr Jyoti Arora*
*Dr Mercy Jill Jill*
*Dr Rishi Kesh Singh*
*Mr Lalit Kumar*
*Dr Yatin Batra*
*Dr Rakesh Kumar Dubey*
*Dr Anuj*
*Dr Deepa Rani*
*Dr Anshula Garg*
*Ms Epshita Kanaujia*
*Mr Bhaskar Hari Sharma*


**Design and Layout**
Alaina Amlan, Kousik Das, Vaibhav Kashyap,
Akhil Ronak, Prachi Yadav

**Photographers**
Ananya Anand, Kumar Sameer Anand, Utkarsh Yadav, Rishi Kashyap, Priya,
Muskan, Harshwardhan, Md. Shafiul Islam Mahin

**VCIS Interns**
Abhishek Kumar
Khushboo Singh
Avni Agarwal
Kritikaa Gandhi
Megha Joshi

**LitFest Student Team**
Ishita Arora
Harsh Prakash Jha
Shubhansh Tiwari
Ananya Singh
Kanishka Jha
Ashutosh Din
Ankit Kumar
Gauri
Yashvardhan

# बौद्धिक लोकतंत्र का उत्सव: दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव क्यों है सबसे अलग और विशिष्ट?




हर्ष प्रकाश झा और शुभांश तिवारी
दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म

साहित्य महोत्सवों की दुनिया में पिछले एक दशक से चमक-दमक और विशिष्ट वर्ग की उपस्थिति हावी रही है। किन्तु, जब देश का सबसे बड़ा और प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय अपने सौ वर्षों की विरासत के साथ 'साहित्य महोत्सव' (DULF) के आयोजन का निर्णय लेता है, तो यह केवल एक 'इवेंट' नहीं रहता; यह एक 'बौद्धिक जनतंत्र' की स्थापना बन जाता है। 12 फरवरी 2026 से दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में आयोजित होने वाला यह समागम इसलिए विशिष्ट नहीं है कि यहाँ बड़े नाम आ रहे हैं, बल्कि इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि यह 'लघु भारत' के प्रांगण में हो रहा है।

दिल्ली विश्वविद्यालय केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि एक जनसांख्यिकीय शक्ति है। जहाँ अन्य साहित्य महोत्सवों में श्रोताओं की संख्या सौ या हज़ार में सीमित होती है, वहीं डीयू के पास लाखों छात्रों का एक ऐसा विशाल और जीवंत समुदाय है जो देश के प्रत्येक जिले का प्रतिनिधित्व करता है। जब कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से अरुणाचल तक के छात्र एक ही छत के नीचे अनंत विजय, राम माधव, डेविड फ़्रॉली, स्मिता प्रकाश, पीयूष मिश्रा,पंकज त्रिपाठी और अंजना ओम कश्यप को सुनते हैं, तो उस संवाद का प्रभाव किसी भी अन्य कॉरपोरेट लिटरेचर फेस्टिवल से कई गुना अधिक गहरा और व्यापक होता है। यह महोत्सव साहित्य को 'विशिष्ट वर्ग' से होते हुए वापस 'छात्र वर्ग' और जनसामान्य तक लेकर आता है।

डीयू को अक्सर लघु भारत कहा जाता है। यहाँ का साहित्य महोत्सव किसी एक भाषा या क्षेत्र का उत्सव नहीं हो सकता। यह आयोजन सही मायनों में 'अनेकता में एकता' की थीम को जीता है। जहाँ अन्य महोत्सवों में विविधता 'सिर्फ़ बनावटी लगती है, वहीं डीयू में विविधता 'स्वाभाविक' है। यहाँ के हॉस्टलों और कॉरिडोर में पहले से ही भाषाओं का संगम है। अतः यह महोत्सव उस अघोषित संवाद को एक औपचारिक मंच प्रदान कर रहा है। यह सिद्ध करता है कि भारत की असली 'बौद्धिक राजधानी' किसी सभागार में नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के खुले मैदानों में है।

बाजार द्वारा प्रायोजित साहित्य महोत्सवों में श्रोता अक्सर एक 'उपभोक्ता' की तरह देखे जाते हैं, जिनका उद्देश्य केवल पुस्तकों की खरीद-फरोख्त या पिकनिक होता है। इसके विपरीत, डीयू साहित्य महोत्सव में आने वाले छात्र, शिक्षक और कर्मचारी 'भविष्य के निर्माता' हैं। यहाँ होने वाला विमर्श केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि 'राष्ट्र निर्माण' के लिए है। यह 'उद्देश्य की शुद्धता' ही इस महोत्सव को अन्य सभी से अलग और श्रेष्ठ बनाती है।

अकादमिक जगत में एक लंबी बहस रही है कि ज्ञान केवल कक्षाओं में सीमित नहीं रहना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) भी एक्सपीरिएंशियल लर्निंग पर जोर देती है। यह महोत्सव NEP की उसी आत्मा का व्यावहारिक स्वरूप है। यहाँ साहित्य, सिनेमा (पंकज त्रिपाठी), पत्रकारिता (अंजना ओम कश्यप, रुबिका लियाक़त) और उद्यम (अंकुर वारिकू) का संगम यह बताता है कि ज्ञान के विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन ज्ञान की धारा एक है। यह छात्रों को सिलेबस के बोझ से मुक्त कर 'स्वतंत्र चिंतन' का अवसर देती है।

अतः, 12, 13 और 14 फरवरी को दिल्ली विश्वविद्यालय का खेल परिसर केवल एक आयोजन स्थल नहीं, बल्कि देश के 'बौद्धिक गुरुत्वाकर्षण' का केंद्र होगा।जब देश के सबसे प्रतिभाशाली युवा और देश के सर्वश्रेष्ठ विचारक एक साथ मिलेंगे, तो जो ऊर्जा उत्पन्न होगी, वही 'विकसित भारत' की असली शक्ति होगी। यही कारण है कि डीयू साहित्य महोत्सव आज के दौर में अन्य किसी भी आयोजन से कहीं अधिक प्रासंगिक, अनिवार्य और अद्वितीय है।

जय हिन्द!
राष्ट्र प्रथम!

# Public Apology

*In the second issue of the Delhi University Literature Festival Newsletter (Page 06), the photographs of Mr. Sudhanshu Trivedi, senior leader of the Bharatiya Janata Party and Member of Parliament (Rajya Sabha), and Mr. Vijay Chauthaiwale, senior political leader and strategist associated with the BJP, were inadvertently interchanged.*

*We sincerely regret this printing error and the oversight. The correction is noted, and we assure our readers that greater care will be taken to avoid such inaccuracies in future editions.*

# India in 2047 will be a Nation of Innovations asserts Vijay Chauthaiwala at DU Literature Festival

*Shubhangi Kshitiza Saurav*
*Delhi School of Journalism*

Leadership embedded in intuition, innovation steered by youth, and national service ushered by conscience were at the core of the "Rashtra Pratham" session of DULF in which Vijay Chauthaiwala, Head of the BJP's Foreign Affairs Department, in a freewheeling conversation spoke to Vice-Chancellor Professor Yogesh Singh, offering students insights into politics, governance and the vision of Viksit Bharat 2047.

Setting the tone, Professor Singh described Chauthaiwala as a quiet practitioner of the "Rashtra Pratham" spirit ,someone who had moved from a successful scientific and corporate background into public life with a deeper sense of purpose. He remarked that individuals like him contribute not merely to institutions or organisations, but to the broader project of nation-building. During the conversation, the VC recalled a personal memory from an earlier meeting in Ahmedabad. Reflecting on that interaction, he recounted Chauthaiwala's words: "Shayad mera janm hi Bharat maa ki seva ke liye hua hai." The recollection offered a glimpse into the speaker's personal conviction and the value system guiding his career choices.

When asked about the transition from a scientific career to political life, Chauthaiwala described the move as unplanned. He admitted that there was some hesitation initially, but as a scientist, he approached politics as an experiment. Reflecting on more than a decade in public life, he stated that he had never regretted the decision. He identified perseverance as the key quality that connects scientific research, entrepreneurship, and political work, noting that all three require sustained effort, patience, and resilience.

The discussion also addressed decision-making in politics, particularly the balance between data and intuition. Chauthaiwala acknowledged the growing role of analytics, but emphasised that leadership ultimately depends on intuition. According to him, numbers and surveys may provide direction, but effective political judgement requires an understanding of people's emotions, aspirations, and social realities.

On the relationship between ideology and outcomes, he advocated a balanced approach. Ideology, he explained, offers moral direction and clarity of purpose, while governance demands pragmatism to deliver results. He cited major policy decisions as examples of how ideological conviction must be supported by administrative preparedness and practical execution.He cited the example of Abolition of Article 370 which was very well conducted and managed. The session also explored India's global engagement, particularly in relation to strategic partnerships. Chauthaiwala identified Israel as a natural partner, noting the significance of Prime Minister Narendra Modi's historic visit. He emphasised that diplomatic relations should be guided by national interest and mutual respect, rather than rigid or ideological alignments.

In lighter moments, the discussion touched upon his academic interests and personal inclinations. Chauthaiwala described himself primarily as a biotechnology scientist and admitted that he still misses his laboratory work. He noted that scientific thinking continues to shape his political approach. If he were a student today, he said, he might consider studying music alongside science, reflecting his appreciation for creativity and the arts.



Hon'ble Vice Chancellor Prof. Yogesh Singh with Vijay Chauthaiwala

During a rapid-fire exchange, he described the BJP as a synthesis of leadership, organisation, ideology and mass connect, while identifying leadership as the central pillar. He credited Prime Minister Narendra Modi and Amit Shah for their strong connection with the public, referring to Narendra Modi as the principal driving force behind the party's national and international appeal.

When asked what he would prioritise if given five years to reshape the national scenario, Chauthaiwala pointed to affordable healthcare as a sector with significant transformative potential. He argued that accessible healthcare could have a direct and meaningful impact on people's lives across the country. Looking ahead to the vision of "Viksit Bharat 2047," Chauthaiwala expressed strong confidence in India's youth. He emphasised the role of innovation, entrepreneurship, and startups in shaping the country's future, observing that risk-taking and creative thinking are increasingly defining the younger generation. *He articulated this vision succinctly, stating, "India in 2047 will be a Nation of Innovations."*

The session concluded with reflections on conscience, creativity, and service to the nation. Thoughtfully moderated by Professor Yogesh Singh, the conversation offered students and attendees an insightful perspective on leadership rooted in conviction rather than visibility.

Chauthaiwala very strongly said that "Bharat me Rashtra Pratham ki bhavna sabke andar hai ". By tracing Chauthaiwala's journey from science to public life, the discussion reinforced the central theme of the festival, presenting "Rashtra Pratham" not as a slogan, but as a lived philosophy shaped by perseverance, innovation, and national commitment.

---

# 'इक बगल में चाँद होगा': पीयूष मिश्रा के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय की एक बेबाक शाम और विशेष संवाद

हर्ष प्रकाश झा और शुभांश तिवारी
दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म

साहित्य केवल शब्दों का खेल नहीं, बल्कि जीवन के खुरदरे यथार्थ को समझने और उसे जीने का एक माध्यम है। दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव (DULF) के पहले दिन के सत्रों का समापन इसी वैचारिक गहराई और संजीदगी के साथ हुआ।

विश्वविद्यालय में आयोजित सत्र 'इक बगल में चाँद होगा' में सुप्रसिद्ध अभिनेता, गीतकार, लेखक और रंगकर्मी पीयूष मिश्रा ने डीयू सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष अनूप लाठर के साथ साहित्यिक विमर्श किया|

यह केवल एक 'स्टार-इवेंट' नहीं, बल्कि युवाओं को रील की दुनिया से निकालकर आत्म-चिंतन के लिए विवश कर देने वाला था |

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (NSD) से निकले और थिएटर की दुनिया में तपकर कुंदन बने पीयूष मिश्रा ने अपने सत्र को औपचारिकता के आडंबर से दूर, बिल्कुल सीधा और संवादपरक रखा। वे यहाँ किसी 'परफॉर्मेंस' के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन, संघर्ष और साहित्य के अनुभवों को साझा करने आए थे। उनकी उपस्थिति ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हजारों छात्रों के बीच एक ऐसी बौद्धिक गंभीरता का माहौल निर्मित कर दिया, जहाँ तालियों से ज्यादा खामोशी और एकाग्रता महत्वपूर्ण थी।

सत्र का केंद्र उनकी बहुचर्चित आत्मकथात्मक औपन्यासिक कृति 'तुम्हारी औकात क्या है पीयूष मिश्रा' रही। इस पुस्तक के शीर्षक और विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि साहित्यकार का सबसे बड़ा धर्म 'ईमानदारी' है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक केवल एक कहानी नहीं, बल्कि उनके अंतर्मन का एक दस्तावेज है, जिसमें उन्होंने अपनी कमजोरियों, संघर्षों, नशे की लत और असफलताओं को बिना किसी संकोच के स्वीकार किया है।

उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, "आत्म-स्वीकृति ही सुधार की पहली सीढ़ी है। जब तक हम अपनी कमियों को स्वीकार नहीं करते, तब तक हम न तो एक बेहतर इंसान बन सकते हैं और न ही एक बेहतर रचनाकार।" उनका यह कथन युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'औकात' शब्द यहाँ किसी अपमान का सूचक नहीं, बल्कि 'आत्म-बोध' का परिचायक है।

चर्चा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने अपने काव्य संग्रह 'कुछ इश्क किया, कुछ काम किया' के मर्म को समझाया। पीयूष मिश्रा ने मानव जीवन के उस शाश्वत द्वंद्व पर प्रकाश डाला, जो जुनून और कर्तव्य के बीच चलता रहता है। उन्होंने अपनी नज़्मों के माध्यम से बताया कि एक कलाकार का जीवन कभी सरल रेखा में नहीं चलता; उसमें उतार-चढ़ाव, बेचैनी और असंतोष अनिवार्य है।

आज के डिजिटल युग और इंस्टेंट सक्सेस की संस्कृति पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि वे भीड़ का हिस्सा बनने के बजाय अपनी मौलिकता को सुरक्षित रखें। उनका कहना था, "जो अनुभव तपिश और संघर्ष से मिलता है, वही सच्चा साहित्य सृजन करता है। एसी कमरों में बैठकर क्रांतियां नहीं लिखी जातीं।"


Piyush Mishra

उन्होंने बताया सोशल मीडिया और रील कल्चर ने युवाओं के धैर्य को खत्म कर दिया है। उन्हें वापस किताबों की दुनिया में लाना और गंभीर साहित्य पढ़ाना आज के दौर की सबसे बड़ी और मुश्किल चुनौती है।"

उल्लेखनीय है कि पूरे सत्र के दौरान पीयूष मिश्रा ने क्लिष्ट भाषा के बजाय उस सहज 'हिंदुस्तानी' जुबान का प्रयोग किया, जो सीधे दिल में उतरती है। छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने अपनी विशिष्ट शैली में जीवन के गूढ़ रहस्यों को सरलता से समझाया। उन्होंने यह स्थापित किया कि एक कलाकार को संवेदनशील होना चाहिए, न कि केवल तकनीकी रूप से दक्ष।

सत्र का समापन एक गहरे संतोष और विचारोत्तेजक माहौल में हुआ। पीयूष मिश्रा ने डीयू के छात्रों को केवल सेल्फी का मौका नहीं, बल्कि जीवन को देखने का एक नया नजरिया भी प्रदान किया। यह शाम इस बात की गवाह बनी कि दिल्ली विश्वविद्यालय का साहित्य महोत्सव केवल उत्सव नहीं, बल्कि विचारों की एक प्रयोगशाला है।

# Session on Global Relevance of Vedic Knowledge Explores Consciousness, Culture, and Contemporary Thought at DU Literature Festival

*Ishita Arora*
*Delhi School of Journalism*

As part of the Delhi University Literature Festival organised under the theme "Nation First: Unity in Diversity," a thought-provoking session titled "Global Relevance of Vedic Knowledge Today" examined the continuing significance of India's ancient philosophical traditions in a rapidly evolving modern world. The session featured Dr. David Frawley, also known as Pandit Vamadeva Shastri, and writer and mythology scholar Priyanka Sharma Kaintura, and witnessed the launch of three books authored by Dr. Frawley.

Dr. David Frawley shared reflections on his journey from a Western academic background to becoming a prominent scholar of Vedic traditions. He spoke about how this transformation was largely unplanned and evolved through encounters with teachers and disciples. His immersion into Sanskrit, Vedic mantras, and Indian spiritual traditions, he explained, developed organically rather than through deliberate intent, shaping his identity as Pandit Vamadeva Shastri over time.

Addressing the central theme of the session, Dr. Frawley emphasised the enduring relevance of Vedic knowledge in the contemporary world. He described India as one of the world's great civilisations, rooted in a cultural and spiritual heritage that connects humanity to a shared universal consciousness. According to him, Vedic philosophy teaches the interconnectedness of all beings and encourages an understanding of existence as part of a unified whole. He suggested that this worldview offers valuable guidance in addressing global challenges marked by division and fragmentation.

Dr. Frawley also drew attention to the perception gap surrounding Vedic knowledge, noting that audiences often respond more readily to Western voices discussing Indian spiritual traditions than to Eastern scholars presenting the same ideas. He pointed to the mindset of the receiving audience and the manner of presentation as factors influencing this preference, raising broader questions about authority, validation, and cultural self-confidence in the transmission of indigenous knowledge systems.

Priyanka Sharma Kaintura shared her own unconventional journey into the study of Indic thought. Having spent over two decades in the corporate sector, she explained how her engagement with mythology emerged through pattern recognition in everyday professional life. She described observing parallels between mythological archetypes and corporate roles, drawing symbolic comparisons between leadership structures and deities from the Hindu pantheon. In her interpretation, organisational power, balance, and execution mirrored mythological frameworks, allowing her to connect ancient narratives with contemporary experiences. She elaborated on how she associated creative and analytical technologies such as artificial intelligence with the principle of Brahma, highlighting their capacity to create, structure, and analyse. These correlations, she noted, emerged from lived experience rather than abstract theory, forming the foundation of her work as a mythology activist who seeks to distinguish myth from mythology while making ancient concepts accessible to modern audiences.

Discussing her book 'Mahadevi', she explored the concept of femininity beyond conventional frameworks. She presented



Priyanka Sharma Kaintura & David Frawley with moderator Dr. Priya Sharma

femininity as a non-binary principle rather than a gendered identity or social role. According to her, femininity represents collaboration, cooperation, and balance, values that are essential for both personal and societal growth. She explained that the writing process involved addressing internal contradictions and questions through scientific, philosophical, and analytical approaches to ensure clarity of thought and accessibility for readers.

The session also addressed the relationship between Vedic knowledge and holistic well-being. Speaking on medical astrology, Dr. Frawley discussed the idea of the individual as intrinsically connected to the universe. He emphasised the importance of harmony between the human body, mind, and cosmic forces, suggesting that Vedic sciences encourage an inward realisation that the universe exists within the individual just as the individual exists within the universe. This perspective, he noted, promotes balance, awareness, and responsibility toward both self and environment. In the latter part of the session, Dr. Frawley reflected on India's cultural resurgence and the efforts made to preserve and promote its civilisational heritage. He acknowledged initiatives undertaken to sustain traditional knowledge systems and bring them into contemporary discourse. Reiterating the philosophical core of Vedic thought, he emphasised the idea of shared consciousness, underscoring that despite physical or ideological boundaries, humanity exists within the same universe and shares a common planetary and spiritual existence.

The session concluded with reflections on unity, consciousness, and cultural continuity, reinforcing the festival's broader theme by highlighting how ancient wisdom can inform modern identities and global understanding. Through dialogue between tradition and modernity, the discussion underscored the relevance of Vedic knowledge in fostering unity in diversity in today's interconnected world.

# 'India gave a voice to the Global South, will always be part of solutions, not wars': Ram Madhav

*Shubhangi Kshitiza Saurav*
*Delhi School of Journalism*

At a time when global politics is marked by armed conflicts, economic uncertainty and shifting power equations, India has positioned itself as a voice for developing nations and a proponent of dialogue over confrontation, said political thinker Ram Madhav at the Delhi University Literature Festival.

Madhav in conversation with Prof Shree Prakash Singh, Vice-Chancellor Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, on the theme India and the Global Reset: Strategic Autonomy in a Changing World Order, asserted that "India gave a voice to the Global South. We will never be a party to war; we will always be a party to the solution to war. "

Madhav began by situating India's foreign policy within its historical trajectory. He recalled how, during the tenure of Jawaharlal Nehru, India adopted the doctrine of the Non-Aligned Movement (NAM) as a response to Cold War polarities. That phase, he suggested, was rooted in the need to preserve sovereignty and avoid entanglement in ideological blocs. However, the contemporary world demands a different approach. India today, he argued, does not follow non-alignment in the classical sense; rather, it practices "multi-alignment," engaging simultaneously with multiple power centres based on national interests. He emphasized that strategic autonomy remains the core principle guiding Indian diplomacy. India's largest trade partnership may be with the United States, yet it continues to maintain longstanding defence and energy ties with Russia. This balanced engagement, he noted, reflects a pragmatic foreign policy driven not by ideological alignments but by concrete national priorities. Highlighting India's role in the G20, Madhav highlighted how the country successfully brought diverse and often conflicting nations to a common platform, including Russia, during a period of global tensions. He described this as evidence of India's growing credibility


Ram Madav with Moderator Prof. Shree Prakash Singh

as a mediator and consensus-builder. Referring to the ongoing Ukraine conflict, he observed that it was essentially a European war with global consequences. India, he asserted, chose not to be a party to the conflict but to contribute toward its resolution. By amplifying the concerns of developing nations, India has emerged as a leading voice of the Global South. In this context, he remarked that while Pakistan's future remains uncertain even to itself, India's trajectory reflects confidence, stability, and rising global influence. The session culminated with reflections on India's potential to shape the emerging world order through dialogue, balance and issue-based cooperation rather than confrontation.

# मीडिया लोकतंत्र की प्राणवायु है

हर्ष प्रकाश झा और शुभांश तिवारी
दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म

दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव के अंतर्गत 'तत्त्व: लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ' विषय पर एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। संवादकर्ताओं के रूप में वरिष्ठ पत्रकार अनंत विजय और शशि शेखर वैंपति उपस्थित रहे। सत्र संचालन कर रहे डॉ संजय वर्मा ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि मीडिया लोकतंत्र के लिए ऑक्सीजन के समान है और पत्रकारिता के प्रमुख तत्वों धर्म एवं विमर्श तथा पत्रकारिता के अंतर्संबंधों को समझे बिना लोकतांत्रिक संरचना की पूर्णता संभव नहीं है।

अनंत विजय ने कहा कि विश्व के अधिकांश समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े हैं, किंतु भारत में पत्रकारिता, शिक्षा और सिनेमा को धर्म से पृथक रखने का एक वैचारिक नैरेटिव निर्मित किया गया है, जिसके कारण समाज अपनी पारंपरिक चेतना से दूर हुआ है। उन्होंने स्वतंत्रता-पूर्व पत्रकारिता को मिशन-प्रधान बताते हुए कहा कि उसी प्रतिबद्धता के आधार पर उसे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ माना गया था, परंतु वर्तमान में पत्रकारिता को पुनः राष्ट्र-सशक्तिकरण और भारतीय चेतना के संरक्षण की दिशा में उन्मुख होना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि मीडिया पर वैश्विक बाजार शक्तियों का प्रभाव उसकी स्वतंत्रता को सीमित कर रहा है और आंतरिक संरचना, विशेषतः न्यूज़ रूम की कार्य-संस्कृति, पत्रकारिता की गुणवत्ता को प्रभावित कर रही है। उनके अनुसार, यदि उत्तरदायी पत्रकारिता की अपेक्षा है तो संस्थागत स्तर पर सुधार आवश्यक है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि दर्शकों की बदलती रुचियों के कारण गंभीर विषयों के स्थान पर मनोरंजन प्रधान सामग्री को बढ़ावा मिला है, जो पत्रकारिता की दिशा को प्रभावित करता है।

शिक्षा और शोध के संदर्भ में अनंत विजय ने कहा कि भारतीय ज्ञान-परंपरा पर आधारित मौलिक चिंतन को प्रोत्साहित करने हेतु शोध-पद्धति की पुनर्समीक्षा आवश्यक है, जिससे बौद्धिक स्वायत्तता और सांस्कृतिक आत्मबोध सुदृढ़ हो सके।

शशि शेखर वैंपति ने विमर्श-निर्माण को एक संस्थागत प्रक्रिया बताते हुए कहा कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भारत की सशक्त उपस्थिति के लिए संगठित और मूल्याधारित पत्रकारिता आवश्यक है। उन्होंने तकनीक और सोशल मीडिया को समकालीन विमर्श-निर्माण का महत्वपूर्ण उपकरण माना तथा कहा कि मीडिया का दायित्व केवल नकारात्मक पक्षों को उजागर करना नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान-परंपरा और सांस्कृतिक मूल्यों का संतुलित प्रसार भी है। इस दिशा में अकादमिक संस्थानों और मीडिया संस्थाओं के बीच समन्वित रूपरेखा विकसित करने की आवश्यकता पर उन्होंने बल दिया।

समग्रतः सत्र में यह प्रतिपादित किया गया कि पत्रकारिता को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में प्रभावी बनाए रखने के लिए उसे नैतिक उत्तरदायित्व, वैचारिक स्पष्टता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता के साथ कार्य करना होगा।




Shashi S. Vempati and Anant Vijay with Dr. Sanjay Verma (OSD, DSJ)

# 'जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि': डॉ. हरिओम पंवार ने डीयू के मंच से किया 'राष्ट्र-आराधना' का शंखनाद

हर्ष प्रकाश झा और शुभांश तिवारी
दिल्ली स्कूल ऑफ़ जर्नलिज़्म

भारतीय चिंतन परंपरा में कवि को केवल शब्दों का रचयिता नहीं, बल्कि 'क्रांतदर्शी' माना गया है जो समय और सीमाओं के पार देख सके। दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव (DULF) के ऐतिहासिक मंच पर कल शाम यह उक्ति तब जीवंत हो उठी, जब समकालीन हिंदी साहित्य के शिखर पुरुष और 'वीर रस' के पर्याय डॉ. हरिओम पंवार ने सत्र 'जहाँ न पहुँचे रवि, वहाँ पहुँचे कवि' को संबोधित किया। हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा शर्मा के साथ संवाद में उन्होंने कई बिंदुओं पर चर्चा की। यह सत्र केवल एक साहित्यिक विमर्श नहीं, बल्कि राष्ट्र की 'आत्मा' और 'संवेदना' का एक गहरा अन्वेषण था। दिल्ली विश्वविद्यालय के खेल परिसर में उपस्थित हजारों छात्रों का जनसमूह इस बात का साक्षी बना कि जब सत्ता और व्यवस्था की सीमाएं समाप्त होती हैं, तब कवि की दृष्टि राष्ट्र का पथ-प्रदर्शन करती है।

डॉ. पंवार ने अपने गंभीर और ओजस्वी स्वर में राष्ट्र निर्माण में सरकार और साहित्यकार की भूमिका को बहुत ही सूक्ष्मता से परिभाषित किया। उन्होंने कहा, "देश को खूबसूरत बनाने का काम सरकार का है, मगर देश की आत्मीयता को बनाए रखने का काम साहित्यकारों का है।"

उनका यह कथन डीयू के बौद्धिक परिसर में एक नए विमर्श का आधार बन गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़कें, पुल और इमारतें (जो 'रवि' की परिधि में हैं) सरकार बना सकती है, लेकिन उन इमारतों में रहने वाले लोगों के दिलों में प्रेम, त्याग और राष्ट्रभक्ति (जो 'कवि' का क्षेत्र है) केवल साहित्य ही जीवित रख सकता है।
डॉ. पंवार अपनी निर्भीकता और स्पष्टवादिता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने अपने लेखन के शुरुआती दिनों को याद करते हुए एक ऐसा प्रसंग साझा किया जिसने युवाओं को प्रेरित कर दिया। उन्होंने बताया, "कविता लिखने की शुरुआत करते हुए मैंने यह निर्णय लिया था कि मैं किसी की ख़ुशी के लिए कविता नहीं लिखूँगा।"

उनका यह वाक्य इस बात का प्रमाण था कि एक सच्चा कवि कभी किसी का चारण नहीं हो सकता। उन्होंने स्थापित किया कि उनकी कलम केवल सत्य और राष्ट्र के लिए चलती है, चाहे वह सत्य किसी को कड़वा ही क्यों न लगे।

वर्तमान समाज में घटती मानवीय मूल्यों पर चिंता व्यक्त करते हुए डॉ. पंवार ने एक गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा, "संवेदनशीलता मरेगी तो अराजकता आएगी।" उन्होंने छात्रों को समझाया कि यदि हम एक-दूसरे के दुख-दर्द को महसूस करना बंद कर देंगे, तो हम एक समाज के रूप में विघटित हो जाएंगे। एक कवि का काम उसी मरती हुई संवेदनशीलता को जीवित रखना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी पढ़ाई और करियर की दौड़ में अपनी मानवीय संवेदनाओं को न कुचलें।

सत्र का सबसे भावुक क्षण वह था जब डॉ. पंवार ने अपनी जड़ों और ग्रामीण संस्कृति के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया। आधुनिकता की चकाचौंध के बीच उन्होंने मिट्टी की सौंधी महक को याद करते हुए कहा, "मुझे गाव की संस्कृति, वातावरण, लोग और भाषा से सबसे गहरा लगाव है। आज भी जब मैं गाँव जाता हूँ, तो लगता है कि मैं किसी तीर्थ पर आया हूँ।"

उनका यह कथन 'भारत' और 'इंडिया' के बीच की दूरी को पाटने वाला था। उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि असली भारत गाँवों में बसता है और अपनी जड़ों से जुड़ना ही सबसे बड़ा तीर्थ है।

सत्र के समापन की ओर बढ़ते हुए, उन्होंने 'राष्ट्र प्रथम' की थीम को अपने जीवन-दर्शन का निचोड़ बताया। उन्होंने पूरे सदन को एक सूत्र वाक्य दिया—"हमें देश को ईष्ट मानना चाहिए।" जैसे हम अपने ईष्ट देवता की पूजा निस्वार्थ भाव से करते हैं, वैसे ही राष्ट्र की सेवा भी बिना किसी अपेक्षा के होनी चाहिए। अंत में, डॉ. हरिओम पंवार ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इस ऐतिहासिक आयोजन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह आयोजन करके बहुत बड़ा काम किया है।" उन्होंने माना कि ऐसे आयोजन ही वह माध्यम हैं जो युवा पीढ़ी को उनकी संस्कृति और साहित्य से जोड़ते हैं।
इस सत्र ने सिद्ध कर दिया कि 'कवि' केवल मनोरंजन




हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रमा के साथ हरिओम पंवार का संवाद।

का साधन नहीं है। डॉ. पवार की वाणी ने युवाओं के मष्तिष्क के उन कोनों को आलोकित कर दिया, जहाँ से 'विकसित भारत' का स्वप्न जन्म लेता है। यह सत्र डीयू के इतिहास में अपनी दार्शनिक गहराई और राष्ट्रवादी चेतना के लिए सदैव स्मरणीय रहेगा।

जय हिन्द!
राष्ट्र प्रथम!

# शौर्य : राष्ट्रीय सुरक्षा पर साहित्यिक विमर्श

अंकित कुमार
दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म

दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ‘शौर्य’ सत्र राष्ट्रीय सुरक्षा को व्यापक और समग्र दृष्टि से समझने का एक सार्थक मंच बना। सत्र का संचालन मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) बिशंबर दयाल ने किया। अपने उद्घाटन वक्तव्य में उन्होंने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैन्य सामर्थ्य तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक समरसता और बौद्धिक चेतना से गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों को राष्ट्र निर्माण की वैचारिक आधारशिला बताया।

**प्रथम चरण : सुरक्षा की यथार्थ स्थितियाँ**

कर्नल (सेवानिवृत्त) दानवीर सिंह ने रक्षा क्षेत्र, सामरिक हितों और सीमावर्ती चुनौतियों पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने सीमाओं पर बढ़ते दबाव और पड़ोसी देशों की अस्थिर रणनीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक जटिल एवं बहुआयामी विषय है, जिसका प्रभाव सीधे नागरिकों और सार्वजनिक संसाधनों पर पड़ता है। सियाचिन से जुड़े उनके अनुभवों ने इस विमर्श को यथार्थ का धरातल प्रदान किया।

नौसेना से कैप्टन श्याम कुमार ने समुद्री सीमाओं, अंतरराष्ट्रीय समुद्री आचार-संहिताओं, मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य गैर-पारंपरिक खतरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने समुद्री क्षेत्र को भारत की सामरिक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए ‘राष्ट्र प्रथम’ की भावना को रक्षा दृष्टिकोण से स्पष्ट किया।

वायु सेना से एयर कमांडर अश्मिन्दर सिंह बहल ने वैश्विक संघर्षों, क्रमिक विस्तार जैसी रणनीतियों और पड़ोसी क्षेत्रों में उत्पन्न अस्थिरता पर चर्चा की। उन्होंने युवाओं के संदर्भ में यह रेखांकित किया कि साहित्य शौर्य की ऐसी संक्षिप्त किंतु प्रभावशाली अभिव्यक्ति है, जो राष्ट्रभाव को गहराई प्रदान करती है।

सत्र के उत्तरार्ध में सभी वक्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख खतरों पर विचार किया। इस चरण में मुख्यतः युद्ध की नवीन प्रणाली के संदर्भ में चर्चा हुई। आज का युद्धस्थल केवल जल, थल और वायु सीमा तक सीमित न होकर बल्कि विदेशी प्रेरणा से शैक्षिक संस्थानों तक अपनी पहुँच बना चुका है तथा विमर्श निर्माण, अकादमिक आतंकवाद (Educational terrorism) जैसे नये सुरक्षा संकट उत्पन्न हो रहे हैं। तकनीकी हस्तक्षेप तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा लड़ा जाने वाला सायबर वॉर नवीन युद्धविधि बन चुका है। कैप्टन श्याम कुमार द्वारा प्रस्तुत काव्य पंक्तियों ने वातावरण को भावनात्मक ऊँचाई प्रदान की। इस प्रकार ‘शौर्य’ सत्र साहित्य महोत्सव की स्मरणीय, प्रेरक और राष्ट्रचेतना से परिपूर्ण चर्चाओं में सम्मिलित हो गया।







Maj. Gen. (Rtd.) Bishamber Dayal Army, Capt. (Rtd.) Shyam Kumar Navy, Air Comd. (Rtd.) (Dr) Ashminder Singh Bahal, Col. (Rtd.) Danveer Singh

# A Brighter Sporting Future for India: Vision Shared at Delhi University Literature Festival

Yash Vardhan Singh
Delhi School of Journalism

The inaugural edition of the Delhi University Literature Festival (DULF) offered an engaging crossover between literature and athletics through a special segment dedicated to the Khelo India initiative, highlighting the growing significance of sports as a viable and evolving career path in India.

The session featured distinguished guests Arjuna Awardee and former National swmming champion Bhanu Sachdeva and noted speaker Geeta Parasher, who shared their perspectives on India's sporting future and the expanding opportunities in sports and athletics.

Opening the discussion, Bhanu Sachdeva emphasized the changing perception of sports in India. He noted that sports today are no longer confined to physical performance but have emerged as a serious academic and professional discipline. Addressing contemporary challenges, he pointed out that the growing influence of social media often leads to distractions and mental stress among youth. As solutions, he advocated meditation, discipline, and proper nutrition as essential elements for athletes striving for excellence

Sharing his optimism for India's sporting future, Sachdeva stated, "We are gearing up to become one of the top ten sporting nations in the next fifteen years as India steadily evolves into a global sporting hub."

Adding another dimension to the discussion, Geeta Parasher highlighted the importance of language in education and personal development. She stressed that learning through one's mother tongue enhances emotional connection and comprehension, making education more effective and inclusive. Concluding her address with the motivational message, "Never give up," she encouraged students to actively explore opportunities in sports and allied fields.

The session underscored the growing scope of sports careers in India, reinforced by the country's improving medal performance at international sporting events, including recent Olympic Games. Speakers collectively emphasized that the future of Indian sports lies not only in physical excellence but also in nurturing mindful, well-informed, and culturally grounded professionals.

The interaction concluded with an inspiring message for students: the journey toward sporting excellence demands discipline, resilience, and holistic development, promising a bright and dynamic future for Indian sports on the global stage.



# सिविल सेवा शक्ति का नहीं, बल्कि लोक सेवा का माध्यम है

विशेष रिपोर्ट: अरुण कुमार और हर्ष प्रकाश झा
दिल्ली विश्वविद्यालय

दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव (DULF) के ‘परीक्षा से प्रशासन’ सत्र ने उस समय एक वैचारिक विमर्श का रूप ले लिया, जब देश के प्रतिष्ठित यूपीएससी मेंटर शुभ्रा रंजन और आईएएस अधिकारी मोना श्रीनिवास प्रुथी एक मंच पर साथ आईं। डीयू, जिसे सिविल सेवा की ‘नर्सरी’ कहा जाता है, वहाँ इस सत्र का महत्व केवल रणनीति तक सीमित नहीं था, बल्कि यह उस ‘दृष्टिकोण’ पर केंद्रित रहा जो एक छात्र को प्रशासक बनाता है।

शुभ्रा रंजन ने छात्रों के मिथकों को तोड़ते हुए स्पष्ट किया कि यूपीएससी केवल किताबों की रटंत विद्या नहीं है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, “आपकी तैयारी का आधार ज्ञान होता है आपको समझना होगा कि एक आई.ए.एस. के दायित्व क्या होते हैं? साथ ही वे कहती हैं कि एक प्रगतिशील देश में इस परीक्षा की भूमिका और बड़ी है, तैयारी का सही समय उन्होंने ग्रेजुएशन ही बताया है।

अक्सर एस्पिरेंट्स के मन में यह प्रश्न आता है कि तैयारी का माध्यम क्या होना चाहिए? क्या हिंदी माध्यम कठिन होता है? इस प्रश्न का जवाब देते हुए शुभ्रा रंजन कहती हैं “यह एक मिथ है कि हिंदी माध्यम से परीक्षा पास करना कठिन है यह आप स्वयं से पूछिये की कमी कहाँ रह जाती है जिससे परिणाम आपकी तैयारी के अनुकूल नहीं रहता।

वह आगे कहती हैं कि जीवन में उतार चढ़ाव आते रहते हैं परीक्षा में कभी आप फेल होंगे और कभी आप सफल होंगे समस्या तब आती है जब आप अपनी असफलताओं का अधिक दबाव ले लेते हैं यही दबाव आपकी तैयारी को प्रभावित करता है। दिल्ली विश्वविद्यालय जो पहले से ही छात्रों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर फोकस करता है तो यहाँ रहकर तैयारी करना बाक़ी विश्वविद्यालय के मुक़ाबले आसान है।” उनका यह कथन डीयू के छात्रों के लिए ‘गुरु-मंत्र’ सिद्ध हो सकता है।

दूसरी ओर, प्रशासन के व्यावहारिक पक्ष को रखते हुए आईएएस मोना प्रुथी ने लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA) के बाद की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा “इस संस्थान में तैयारी तीन हिस्सों में होती है। 3 महीने की फाउंडेशन ट्रेनिंग जिसमें भारत का संविधान, क़ानून, सामान्य अध्ययन और संस्कृति को समझाया जाता है।

इसमें टीम वर्क, विलेज विजिट, कुछ देश को समझने वाले कॉम्पोनेंट शामिल रहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव की थीम ‘राष्ट्र प्रथम : एकता में अनेकता’ पर अपनी बात रखते हुए वह कहती हैं, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA) में अलग राज्य, अलग संस्कृति और विभिन्न भाषी एस्पिरेंट्स साथ मिलकर ट्रेनिंग करते हैं यह एक एकता में अनेकता का ही उदाहरण है। ट्रेनिंग के समय अपने राष्ट्र के बारे में जानना और उसको समझना एक अच्छा अनुभव रहता है। एक साल की अकैडमिंक ट्रेनिंग के बाद एक आई.ए.एस. ट्रेनिंग संस्थान में सब कुछ शेड्यूल पर आधारित होता है और सभी एस्पिरेंट्स को उस शेड्यूल के आधार पर ट्रेनिंग पूरी करनी होती है। ”

यह सत्र डीयू के हजारों सिविल सेवा आकांक्षियों (Aspirants) के लिए एक ‘रियलिटी चेक’ था। दोनों वक्ताओं ने यह स्थापित किया कि सिविल सेवा केवल शक्ति का नहीं, अपितु लोक सेवा का माध्यम है। यही लोक सेवा हमारे देश की प्रगति का राह दिखाने का करती रही है।





# दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव में 'गुड़िया की शादी': लोक रंगमंच से आत्मपहचान तक का सांस्कृतिक संवाद

*अंकित कुमार और कनिष्का झा*
*दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म*

दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव २०२६ के अंतर्गत शंकर लाल सभागार में आयोजित नाटक 'गुड़िया कि शादी' का मंचन किया गया। यह प्रस्तुति मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय, भोपाल द्वारा की गई, जिसका निर्देशन संजय श्रीवास्तव ने और लेखन समता सागर ने किया है।


कहानी बुंदेलखंड के एक निम्न-मध्यमवर्गीय परिवार की है, जहाँ गुड़िया नामक युवती अपने रंग-रूप के कारण भेदभाव का सामना करती है। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उसकी सकारात्मक सोच और जीवन के प्रति सरल दृष्टिकोण ने दर्शकों को सामाजिक और भावनात्मक स्तर पर गहराई से प्रभावित किया।

प्रस्तुति में बुंदेली लोक संस्कृति, विवाह परंपराएँ और लोक संगीत का प्रभावशाली समावेश देखने को मिला। "कहानी क्षेत्रीय हो सकती है, भाव सर्वोपरि होता है," निर्देशक संजय श्रीवास्तव ने कहानी के क्षेत्रीय विविधता पर बात करते हुए कहा, जो महोत्सव के विषय "राष्ट्र प्रथम – अनेकता में एकता" के अनुरूप भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता को रेखांकित करता है।

महोत्सव के पहले दिन की यह प्रस्तुति सामाजिक संवेदनशीलता और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का सशक्त उदाहरण बनकर उभरी। दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव के पहले दिन प्रस्तुत इस नाटक ने आने वाले सभी कार्यक्रमों के लिए एक उच्च मानक स्थापित किया, जिससे आगामी प्रस्तुतियों के प्रति दर्शकों की अपेक्षाएँ और भी बढ़ गई हैं।



जब रस्में सवाल बन जाएँ, रंगमंच जवाब देता है।



From L to R : Prof. Ravi Prakash Tekchandani, Prof. Dipankar, Dr. Vinita Singh, Prof. Rekha Saxena, Prof. Saloni Gupta, Sanjay Srivastav, Mustaq Alam Qadri

# Gudiya ki Shaadi : A Folk Tale of Belonging and Family Opens at DULF

*Ananya Singh*
*Delhi School of Journalism*

As Delhi University Literature Festival kicked off with its Day 1 at Shankar Lal Auditorium, North Campus, theatre lovers from across the city gathered to witness a play by trained artists from the Madhya Pradesh School of Drama, with the drama of the day being 'Gudiya Ki Shaadi.'

In alignment with DULF's theme, "Nation First: Unity in Diversity," the performance is expected to highlight how stories rooted in local realities can resonate nationally, reminding audiences that compassion across differences remains the strongest bond of unity.

The theme of the play speaks to the heart of India at its simplest, narrating the story of Gudiya, a young woman in a Bundelkhandi town who faces neglect and ridicule due to her appearance. Despite social taunts and family pressures, her innocent optimism becomes a symbol of resistance against prejudice. When an unexpected incident threatens her wedding, the actions of those around her reflects one of the core themes of the play of "Beauty Within."

Directed by Sanjay Srivastava and written by Samta Sagar, both of whom share Bundeli backgrounds at some of the most formative part of their lives, the play draws deeply from Bundeli folk culture, rituals, and dialect, with endangered musical traditions weaved into the narrative. When asked about its relevance to the nation, as a play so focused on a regional setting, Mr. Srivastava humbly talks about how the play may be regional but features the universal message of empathy, dignity, and acceptance.







Stills from the play

# DULF 2026 - Where Culture Came Alive

*Gauri Nisonko*
*Delhi School of Journalism*

The Rugby Stadium, ordinarily a vast and unadorned open ground, has undergone a remarkable transformation with the commencement of Delhi University's Literature Festival on 12th February. What once stood as a simple playing field now flourishes as a dynamic cultural arena, resonating with colour, creativity, and celebration. At its centre rises an exquisitely decorated stage, meticulously arranged for dance, music, and artistic expressions, forming a captivating focal point that naturally draws the attention of every spectator present. The carefully curated setting reflects not only aesthetic brilliance but also the collective effort behind bringing such a grand vision to life within the university premises.

The venue has been thoughtfully embellished using eco-friendly materials, including intricate paper installations, handcrafted decorative elements, and culturally evocative posters that reflect both sustainability and aesthetic refinement. These artistic details not only enhance the visual appeal of the space but also underline a conscious commitment to responsible celebration. Encircling the arena are vibrant book stalls showcasing literary treasures and diverse food counters offering delightful flavours, collectively enriching the festive ambience. Visitors move from one stall to another with curiosity and enthusiasm, exploring books, engaging in discussions, and experiencing a harmonious blend of literature, art, and cuisine.

A palpable sense of enthusiasm fills the air as attendees engage in animated conversations about classical dance forms, musical traditions, and the cultural narratives they represent. Smiling faces across the gathering mirror admiration and anticipation, creating an atmosphere of shared appreciation. Meanwhile, performers adorned in graceful ethnic ensembles stand poised and composed, ready to present revered forms such as Kathak, Bharatanatyam, and Odissi. Their presence alone reflects dedication, discipline, and reverence for India's artistic lineage. In every corner of the stadium, one could witness not merely an event, but a living celebration of heritage, unity, and creative expression.

Beyond celebration, the festival space also evolves into a platform of learning and cultural exchange. Students, visitors, and artists alike find themselves immersed in conversations that deepen their understanding of tradition, identity, and artistic legacy. The environment encourages reflection, appreciation, and the meaningful spread of culture across diverse communities. It stands as a reminder that literature and performance are not separate entities, but interconnected pathways through which knowledge, history, and creativity continue to flourish and inspire future generations.

# A Cultural Stage, Dhoon of Vocals to incredible Nritya kala

*Ashetosh Din*
*Delhi School of Journalism*

The Cultural Council of Delhi University transformed the Rugby Ground into a vibrant stage, setting the tone for an unforgettable celebration of literature and culture. The Fest kicked off with a bang, showcasing the incredible talent of students from various colleges, faculties, and departments.

As the curtains opened, the stage came alive with a Kaleidoscope of performances that left the audience mesmerized. Students from Faculty of Music, University of Delhi, stole the show with soulful vocals, including a stirring rendition of Vande Mataram. The energetic performances had the audience on their feet, dancing to the beat of Bhangra and Folk music.

The performances were a testament to the rich cultural diversity of Delhi University, with each college and department bringing its unique flavor to the Literature table. The Indian Council for Cultural Relations and Foreign Students Registry teams wived their magic with an incredible dance performance, showcasing the university's vibrant Cultural tapestry.

The Rugby Ground, once a familiar spot for sports, was reborn as a hub of artistic expression. The Culture Council's efforts to curate a diverse and engaging program paid off, with students soaking up every moment of the vibrant performances.

As the evening drew to a close, it was clear that Delhi University Literature Fest 1.0 was a landmark event that would be etched in the university's history books. The enthusiasm and the energy of the students, coupled with the tireless efforts of the Cultural Council, made for an unforgettable experience. With the bar set so high, the anticipation is palpable for what's to come in the days ahead. The fest has undoubtedly opened a new chapter in Delhi University's Cultural calendar.

1



*Image Credits: Rishi Kashyap for DULF*
*Folk Performance*

2




*Image Credits: Kritikaa Gandhi for DULF*
*Folk Song Performance*

3



*Image Credits: Utkarsh Yadav for DULF*
*Haryanvi Folk Dance*

4




*Image Credits: Rishi Kashyap for DULF*
*Folk Performance*

# Between Pages and Possibilities: Book Stalls Become the Soul of DULF 1.0

*Avni Agarwal*
*Delhi School of Journalism*

At the Delhi University Literature Festival (DULF) 1.0, inaugurated by Hon'ble Vice Chancellor Prof. Yogesh Singh, the celebration of ideas extended far beyond the auditoriums and panel discussions. Anchored in the theme **"Nation First: Unity in Diversity,"** the festival found one of its most vibrant expressions in the book stalls that lined the venue, spaces where literature was not only discussed, but discovered and carried home.

Publishers such as **Kitaabvaale, Crossword, Edsol Informatics, Vaani Prakashan Group, Motilal Banarasidass**, and **Prakhar Goonj Publications** were among those who brought a rich and diverse catalogue to the campus. Their presence reflected the festival's emphasis on India's intellectual and cultural plurality. From classical Indian philosophy and civilisational studies to contemporary Hindi literature and emerging voices, the range of books mirrored the festival's central theme.

**Kitab Wale**, one of the most inviting stalls at DULF 1.0, quickly became a favourite among students for its eclectic and affordable collection. Known for curating a mix of contemporary fiction, timeless classics, competitive exam guides, and thought-provoking non-fiction, the stall attracted constant footfall throughout the festival. What set Kitab Wale apart was its approachable presentation — neatly stacked paperbacks, clearly marked discounts, and staff who readily engaged in recommendations based on students' interests. For **Vaani Prakashan Group**, known for its strong presence in Hindi publishing and translations, DULF 1.0 proved to be an engaging platform. A representative shared that students showed keen interest in modern Hindi fiction, poetry, and works that revisit Indian history and society through fresh perspectives. "There is a renewed curiosity about Indian-language writing," the representative observed. "Students are not limiting themselves to English bestsellers; they are exploring regional narratives with seriousness."

**Motilal Banarasidass**, a publishing house renowned for its scholarly works on Indology, religion, philosophy, and classical texts, attracted a distinct segment of readers. Their stall witnessed steady footfall from students of philosophy, history, Sanskrit, and political science. Many were seen browsing titles on ancient Indian knowledge systems, Buddhist studies, and cultural traditions. According to a stall coordinator, "The theme 'Nation First: Unity in Diversity' resonated strongly. Students were looking for books that deepen their understanding of India's intellectual heritage."

**Prakhar Goonj Publications**, focusing on contemporary thought and socially engaged writing, reported encouraging sales of books dealing with nationalism, governance, youth discourse, and current affairs. The influence of panel discussions was clearly visible. After sessions addressing cultural identity, constitutional values, and India's evolving political landscape, there was a noticeable increase in demand for related titles. "The conversations on stage are directly shaping what students are buying," a publisher noted. "They are not just attending; they are reflecting and responding." A significant trend observed across stalls was the growing interest in translated literature. Works originally written in Hindi, Tamil, Bengali, Marathi, and other Indian languages — now available in English — drew attention from students eager to engage with diverse voices. Feminist writing, Dalit narratives, and books addressing environmental concerns also found dedicated readers, indicating a socially aware student readership. At the same time, fiction retained its steady appeal.

Young adult novels, literary fiction, and contemporary Indian storytelling continued to attract undergraduates. The stalls thus reflected a balance between intellectual exploration and professional aspiration. Groups of friends were seen collectively deciding on purchases, sometimes pooling resources to buy expensive academic volumes. The act of buying books became a shared campus experience rather than an isolated transaction. Publishers also highlighted the quality of engagement. Students asked detailed questions about editions, translations, authors' backgrounds, and even the publishing process itself. For journalism and literature students, these conversations turned into informal lessons about the world of publishing. "We are impressed by the seriousness of the readership here," remarked one representative. "The engagement goes beyond price and popularity."

As DULF 1.0 unfolded under the leadership and vision articulated by Vice Chancellor Prof. Yogesh Singh during the inauguration, the book stalls quietly embodied the festival's core message. Each publishing house brought a distinct voice, yet together they formed a harmonious narrative — a reflection of India's unity in diversity.

By the end of the festival, students could be seen leaving with canvas bags filled with carefully chosen titles. In their selections lay curiosity, conviction, and commitment to learning. At DULF 1.0, the book stalls were not merely commercial spaces; they were living extensions of the festival's intellectual spirit — reminding everyone that the printed word continues to shape conversations about nationhood, identity, and shared heritage.















# VOX POP

"I am really excited and looking forward to Pankaj Tripathi's session"

"As a reader myself, once my duty gets over I am all in to listen to great speakers in the Multipurpose Hall"

"This place looks so pretty and vibrant, It feels so happy to be at such beautifully decorated space"

"Loved the way Delhi University is giving exposure to its students through such events"

-Chetanshi,

The first day of Delhi University Literature Festival unfolded with vibrant energy across North campus, echoing with conversations, applause, performances and excitement of literary celebration. From speaker sessions to book stall hoppings, visitors filled the space with curiosity and enthusiasm.

"Cultural Performances are super fun, and I really appreciate Students of Delhi University for being so talented"

-Ashutosh, Visitor.

"I actually really liked Danvir Sir's session, it had insights about cyber attack, Yeah I really enjoyed it"

-Tanya Sharma, Ramanujan college

"Delhi University is giving chance to students to perform and to learn"

-Harshva, Sri Venkateshwara college

# DAY 1 AT A GLANCE


Image Credits: Kritikaa Gandhi for DULF
Cultural performances at Rugby Stadium


Image Credits: Utkarsh Yadav for DULF
INAUGURAL CEREMONY at MPH Ground Floor


Image Credits: Sameer Anand for DULF
The Heart of the Festival


Image Credits: Kritikaa Gandhi for DULF
Gudiya ki Shaadi play in Shankarlal hall


Image Credits: Kritika Gandhi for DULF
Cultural performances at Rugby Stadium


Image Credits: Sameer Anand for DULF
Cultural performances at Rugby Stadium


Image Credits: Rishi Kashyap for DULF
Gudiya ki Shaadi play in Shankarlal hall





Image Credits: Sameer Anand for DULF
Talk shows with the inspiration of cinema

SEE YOU ALL AT DAY 2!


Image Credits: Sameer Anand for DULF
The heart of the festival